RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM


# यूटर्न टाइम्स

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

दीपिका को तीन फिल्मों ने बना दिया सबसे सफलतम अभिनेत्री, कमाए करोड़ों

पेज 07



VOL: 03 | ISSUE 93 | MONDAY DATE 27-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे में 29608 पदों का पुनर्गठन, मानव संसाधन के बेहतर उपयोग की नई पहल

**गोरखपुर, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2026-2027 के लिए पदों के पुनर्गठन (पुनर्वितरण व समर्पण) का लक्ष्य तय किया है। 24 को जारी आदेश में रेलवे बोर्ड ने कुल स्वीकृत 14,80455 पदों के सापेक्ष दो प्रतिशत पदों के पुनर्वितरण व समर्पण के लिए सभी जोनल रेलवे, कार्यशाला, उत्पादन इकाइयों को अमल करने के लिए कहा है। इसके आलोक में रेलवे के 29608 पदों का पुनर्वितरण व सरेंडर होगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के कुल 59,702 पदों के सापेक्ष 1194 पदों का पुनर्वितरण व समर्पण होगा। सभी रेलवे और इकाइयों को यह प्रक्रिया केवल मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) पोर्टल के माध्यम से ही पूरी करनी होगी। बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्य को तिमाही आधार पर संतुलित रूप से पूरा किया जाए। वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में लक्ष्य की पूर्ति के लिए एकमुश्त कार्रवाई से बचने को कहा गया है। इसके तहत जोनवार लक्ष्य निर्धारित कर भेजे गए हैं। यह आदेश रेलवे बोर्ड के सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद जारी किया गया है। रेलवे बोर्ड का मानना है कि इस कदम से उपलब्ध मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा तथा परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी।

### सांसदों के आप छोड़ने पर बोले अन्ना- जनता के साथ विश्वासघात



#### नेता अक्सर व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए पार्टी बदल लेते

**अहिल्यानगर, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देकर सख्त दलबदल विरोधी कानून की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में नेता अक्सर व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार पर पार्टी बदल लेते हैं, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान होता है। सामाजिक कार्यकर्ता हजारे ने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान का मूल उद्देश्य समाज और राष्ट्र का कल्याण है, न कि राजनीतिक दलों के हितों की रक्षा। उनके अनुसार, आज समाज में बढ़ते विवाद और टकराव के पीछे राजनीतिक पार्टियों की भूमिका भी बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि जब तक दलबदल को रोकने के लिए कठोर कानून नहीं बनेगा, तब तक नेता अपने फायदे के लिए दल बदलते रहने वाले है। उन्होंने कहा कि अगर एक प्रभावी और सख्त दलबदल विरोधी कानून लागू होता है, तब इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर सांसदों के इस कदम की आलोचना करने से परहेज कर कहा कि अंतिम जिम्मेदारी जनता की है।

# हीटवेव से राहत के लिए एक्शन प्लान 2026 लागू : रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में बढ़ते तापमान और लू की गंभीर स्थिति को देखते हुए 'हीट वेव एक्शन प्लान 2026' की विस्तृत समीक्षा कर उसे और प्रभावी बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष सरकार ने अपनी रणनीति को पिछले वर्षों की तुलना में और अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाया है और स्कूली बच्चों, निर्माण स्थलों पर कार्य कर रहे श्रमिकों का तो विशेष ध्यान रखा ही गया है, साथ ही पक्षियों व पशुओं तक पानी की उपलब्धता पहुंचाने के लिए विभागों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। हीट वेव पीड़ितों के लिए विशेष टीमें भी तैनात की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के थर्मल हॉटस्पॉट और 'हीट आइलैंड क्षेत्रों की संवेदनशीलता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले 2-3 वर्षों से लगातार 40 दिनों तक तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहने का गंभीर ट्रेंड देखा जा रहा है। इस बार सरकार ने दिल्ली के चप्पे-चप्पे का वैज्ञानिक विश्लेषण किया है। सैटेलाइट डेटा के आधार पर उन क्षेत्रों को चिन्हित किया है जहां तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहा है। इसमें दक्षिण दिल्ली का आयानगर अत्यंत संवेदनशील है, जहां पूर्व में 45.5 डिग्री तापमान दर्ज किया जा चुका है। इसी तरह पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में 43.7 डिग्री (2025 का उच्चतम) और सफदरजंग में 46.8 डिग्री (2023 का उच्चतम) तापमान रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा वजीरपुर, जहांगीरपुरी, ख्याला, शास्त्री पार्क, विश्वास नगर, हरकेश नगर, हरि नगर और दिल्ली गेट जैसे इलाके प्रमुख थर्मल हॉटस्पॉट के रूप में उभरे हैं। साथ ही, बाहरी दिल्ली की सीमाओं से सटे और घनी आबादी वाले इलाके जैसे सावदा, मुबारकपुर डबास, भलस्वा, नंद नगरी, गोकुलपुरी, और बक्करवाला में भी 'हीट आइलैंड' का गहरा प्रभाव देखा गया है। इन विशिष्ट क्षेत्रों के लिए सरकार ने विशेष सुरक्षा चक्र तैयार किया है। इन जगहों के स्वास्थ्य केंद्रों में अधिक ओआरएस पैकेट्स, क्विक रेस्पॉन्स टीमों (क्यूआरटी) की तैनाती, पानी के अधिक टैंकरों की व्यवस्था आदि शामिल है।

### रेखा गुप्ता ने किए मां वैष्णो देवी के दर्शन, बोलीं–देश की खुशहाली के लिए मां से प्रार्थना की



**कटरा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मां की आराधना करते हुए मैंने प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की करे, आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि देश खुशहाल रहे, समृद्ध रहे, मां से मैंने यही प्रार्थना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि जम्मू एयरपोर्ट और कटरा में भारतीय जनता पार्टी परिवार, विशेषकर महिला मोर्चा की बहनों ने जो आत्मीय स्वागत किया, उससे मन भावविभोर हो गया। आप सभी के स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने लिखा कि मां वैष्णो देवी का पावन धाम अनंत आस्था, शक्ति और भक्ति का केंद्र है।



## चार मई के बाद टीएमसी के गुंडों का चुन-चुनकर हिसाब होगा : मोदी

» **आरामबाग, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के लिए होने वाले मतदान से पहले रविवार को आरामबाग में 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले मैं सिंगूर आया था, उस समय मैंने टीएमसी की निर्मम सरकार के प्रति जनता का गुस्सा साफ-साफ देखा था। आज मैं फिर देख रहा हूं, वो गुस्सा अपने चरम पर पहुंच चुका है, और इस गुस्से में बंगाल का एक ही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 15 साल तक तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के लोगों को लूटा, लेकिन ये लोग एक चीज भूल गए, जब अत्याचार की हद हो जाती है, तो जनता मां दुर्गा का रूप धरकर अन्याय का विसर्जन कर देती है। आज बंगाल के हर बूथ पर उमड़ता जनसैलाब कह रहा है, भय आउट, भरोसा इन। टीएमसी की निर्मम सरकार, नबन्ना सचिवालय से नहीं चलती है। इस सरकार को या तो गुंडे चलाते हैं या फिर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार हरकत में आती है। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि बंगाल में मतदान के सभी पिछले रिकॉर्ड टूट जाएंगे, और बंगाल की जनता ने 23 अप्रैल को इसे सच कर दिखाया।

## आसनसोल हत्या पर राहुल गांधी का हमला बंगाल में लोकतंत्र नहीं, गुंडाराज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद हत्या पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं पर देबदीप की हत्या के आरोप लगाए हैं। राहुल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है।

राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों की ओर की गई हत्या बेहद निंदनीय है।' कांग्रेस सांसद ने कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, 'पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी, और न कभी टिकेगी।

हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प।' इसके साथ ही, उन्होंने परिवार को पूर्ण सुरक्षा और मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'मांग स्पष्ट है- सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, कठोरतम सजा मिले और देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा व मुआवजा सुनिश्चित किया जाए।'

## सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे टीएमसी के सभी सिंडिकेट : शाह

» **कोलकाता, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



पश्चिम बंगाल के तेहट्टा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बंगाल की जनता ने 'दीदी का सूपड़ा साफ' कर दिया है और भाजपा को स्पष्ट बढ़त मिल चुकी है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें से 110 सीटों पर भाजपा जीत दर्ज कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि दूसरे चरण में बाकी काम पूरा कर भाजपा पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी। बंगाल की जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है और टीएमसी सरकार को सत्ता से बाहर करने का फैसला कर चुकी है।

महिलाओं और युवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि यदि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है तो मई महीने से राज्य की हर महिला के बैंक खाते में 3,000 रुपए भेजे जाएंगे। इसके साथ ही राज्य के बेरोजगार युवाओं के खातों में भी 3,000 रुपए प्रति माह जमा कराए जाएंगे। शाह ने यह भी घोषणा की कि हर गर्भवती महिला को बच्चे की देखभाल और पोषण के लिए 21,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने ममता बनर्जी सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लहसुन किसानों के साथ राज्य सरकार ने धोखा किया है। देश के अन्य हिस्सों में लहसुन 200 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।

## बेटियों ने पुलिस ट्रेनिंग में दिया मजबूती, तत्परता, समर्पण और अनुशासन का परिचय : योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है। इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वर्दीधारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है। प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आती है।

सीएम योगी रविवार को 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। रिजर्व पुलिस लाइन में हुए आयोजन में सीएम ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली।

सीएम योगी ने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें



### पंजाब सरकार दे 'आप नेताओं' को सुरक्षा, जनता उनके कामकाज से संतुष्ट न होने से नाराज: शाहनवाज हुसैन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।

पंजाब में सांसद हरभजन सिंह की सुरक्षा हटाए जाने को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने पंजाब सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार को सुरक्षा हटाने के बजाय अपनी ही पार्टी के नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जनता में उनके प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

शाहनवाज हुसैन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी जिस विचारधारा के साथ राजनीति में आए थे, उससे भटक गए हैं। उनके मुताबिक, जो लोग यह सोचकर आम आदमी पार्टी से जुड़े थे कि यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी, वे अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि कुछ नेताओं और सांसदों ने पार्टी छोड़कर भाजपा का रुख किया है। शाहनवाज हुसैन ने आगे कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में आने वाले नेताओं की सुरक्षा वापस ली जा रही है, जो राजनीतिक दुर्भावना को दशार्ता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को अपनी सुरक्षा खुद बढ़ानी चाहिए, क्योंकि जनता उनके कामकाज से संतुष्ट नहीं है। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति पर भी टिप्पणी की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या का आरोप तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं पर लगाया था। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी को यह एहसास हो चुका है कि ममता बनर्जी की सरकार अब ज्यादा समय तक टिकने वाली नहीं है और राज्य में राजनीतिक बदलाव तय है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा रिकॉर्ड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

# दिल्ली में इंटरस्टेट ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, 5 करोड़ की कोकीन 2 आरोपी गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटरस्टेट सेल (आईएससी) ने नशे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक इंटरस्टेट ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस 2 आरोपियों के साथ करीब 500 ग्राम हाई-क्वालिटी कोकीन (क्रैंक) बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह नशीला पदार्थ दिल्ली और एनसीआर इलाके में सप्लाई किया जा रहा था।

यह पूरी कार्रवाई इंस्पेक्टर सतेंद्र खारी के नेतृत्व में की गई, जिसमें एसआई संदीप, विनीत, अमित, अर्जुन, एएसआई रंधीर, हेड कांस्टेबल सनोज और कांस्टेबल विकास की टीम शामिल थी। पूरे ऑपरेशन की निगरानी एसीपी आर.एस. लांबा कर रहे थे।



10 अप्रैल 2026 को पुलिस को एक पुख्ता सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गाजियाबाद राउंडअबाउट, दिल्ली के पास ड्रग्स की सप्लाई करने आने वाला है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और जावेद हुसैन (29 वर्ष) निवासी बरेली, उत्तर प्रदेश को मौके से पकड़ लिया। उसके पास से 456 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई।

इस मामले में थाना क्राइम ब्रांच में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत एफआईआर दर्ज की गई और आगे की जांच शुरू की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी जावेद ने खुलासा किया कि यह नशा उसे बरेली के ही रहने वाले सोइब खान (25 वर्ष) से मिला था।

इसके बाद पुलिस ने जावेद को रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की और 22 अप्रैल को स्थानीय पुलिस की मदद से बरेली में छापेमारी की। इस दौरान सप्लायर सोइब खान को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी में पुलिस को कई अहम सुराग भी मिले हैं। जावेद हुसैन दिल्ली की एक जींस फैक्ट्री में काम करता था, हालांकि दोनों ही आरोपियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। दोनों ही कम पढ़े-लिखे हैं और पहली बार इस तरह के गंभीर मामले में पकड़े गए हैं। फिलहाल सोइब खान पुलिस रिमांड पर है और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



## राहुल गांधी पार्ट टाइम पॉलिटिशियन जिसे जनता गंभीरता से नहीं लेती : नितिन नवीन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें 'पार्ट टाइम पॉलिटिशियन' बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ चुनाव के वक्त ही बोलते हैं। जनता उन्हें गंभीरता से नहीं लेती है। बंगाल चुनाव को लेकर रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शांतिपुर में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। नवीन के रोड शो में भारी तादात में लोग शामिल हुए। नवीन ने इसे तृणमूल के कुशासन के अंत का संकेत बताया। आईएएनएस से बातचीत में नितिन नवीन ने राहुल गांधी के उन बयानों पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र नहीं गुंडाराज चल रहा है और ममता के कुशासन की वजह से प्रदेश में भाजपा के लिए दरवाजा खुला है। नितिन नवीन ने कहा कि बस इंतजार कीजिए और देखिए, कुछ ही दिनों में राहुल गांधी ममता बनर्जी के साथ बैठे नजर आएंगे। इंडिया ब्लॉक टूट गया है। ममता बनर्जी ने बंगाल की जनता को त्रस्त किया है। राहुल गांधी चुनाव के वक्त बोलते हैं, इससे पहले उन्होंने कभी ममता के कुशासन पर कुछ नहीं बोला, कभी धरना प्रदर्शन किया। राहुल गांधी पार्ट टाइम पॉलटिशियन है, उनके बोलने से बंगाल की जनता को कुछ भी लेना देना नहीं है। दूसरे चरण की वोटिंग का जिक्र करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि बंगाल के हर घर से जय श्री राम, वंदे मातरम की गूंज सुनाई पड़ रही है।

## दिल्ली विधानसभा का अगला सत्र 28 अप्रैल से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।

हाल ही में मिली बम धमकियों के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में पुराने सचिवालय स्थित विधानसभा भवन में आठवीं दिल्ली विधानसभा का पांचवां सत्र मंगलवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 13 अप्रैल को विधानसभा को मिली झूठी बम धमकी के मद्देनजर, सुरक्षा एजेंसियों ने मीडियाकर्मियों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें भवन के गलियारों में विधायकों से बातचीत पर रोक लगाई गई है। पत्रकारों को विधायकों और मंत्रियों का साक्षात्कार केवल विधानसभा भवन के प्रांगण में खुले क्षेत्र में ही करने की अनुमति दी गई है।

विधानसभा सचिवालय ने एक बयान में कहा कि मीडियाकर्मियों को विधानसभा भवन के आसपास के गलियारों में मंत्रियों/विधायकों से बातचीत करने से सख्ती से परहेज करने की सलाह दी जाती है। वे भवन के बाहर विधानसभा परिसर के खुले क्षेत्र में मंत्रियों/विधायकों से बातचीत करने के लिए स्वतंत्र हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि 13 अप्रैल को दिल्ली विधानसभा को ईमेल पर एक और बम की धमकी मिली, जिसके बाद अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा को इस मामले



को स्थायी रूप से हल करने के लिए पत्र लिखा।

इससे पहले भी इसी तरह की धमकियां मिली थीं, और यह ईमेल सुबह 11:12 बजे आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त हुआ था, जिसमें विधानसभा परिसर के अंदर विस्फोटकों के इस्तेमाल के बारे में चिंताजनक दावे किए गए थे।

25 मार्च को विधानसभा को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें दावा किया गया था कि विधानसभा परिसर में आरडीएक्स-आधारित 16 देसी बम (आईईडी) लगाए गए हैं और सदन की बैठक से ठीक पहले दोपहर 1:40 बजे इन्हें विस्फोट करने की योजना है। हालांकि, यह झूठी खबर निकली। इससे पहले 6 अप्रैल को दिल्ली विधानसभा में एक और सुरक्षा संबंधी घटना हुई, जब एक व्यक्ति ने परिसर के उच्च सुरक्षा वाले चारदीवारी द्वार को तोड़ दिया और बिना किसी रोक-टोक के भागने में सफल रहा।

# भाजपा में शामिल होने वाले राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता होगी समाप्त : संजय सिंह

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से उन सभी 7 राज्यसभा सांसदों को बर्खास्त करने की अपील की है, जो पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को मीडिया से बातचीत कर इसकी मांग की।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा, 'वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल और संविधान विशेषज्ञ पी. डी. टी. आचार्य समेत कई संविधान विशेषज्ञों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम आदमी पार्टी से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले सात सदस्यों की सदस्यता समाप्त हो जाएगी।

संजय सिंह ने कहा, 'एक याचिका प्रस्तुत की गई है, जिसमें भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत इन सात सदस्यों की सदस्यता पूर्णतः समाप्त करने और रद्द करने का अनुरोध किया गया है। इस मामले पर कार्रवाई



करने का आग्रह किया गया है। सभापति से भी जल्द से जल्द सुनवाई करने और इस पर निष्पक्ष निर्णय देने का अनुरोध किया गया है।'

आप नेता ने कहा, 'यह सब क्यों जरूरी है? क्योंकि आप एक पार्टी से चुने जाते हैं और फिर प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के जरिए आपको उस पार्टी से अलग कर दिया जाता है और भारतीय जनता पार्टी, जो इसमें माहिर मानी जाती है, आपको उसमें मिला लेती है। यह लोकतंत्र के साथ विश्वासघात है, पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात है, और देश के संविधान के साथ भी विश्वासघात है। उसे कमजोर करने का प्रयास है। अगर आप किसी पार्टी से चुने जाते हैं और आपके मतभेद हैं, तो आपको उस पार्टी से इस्तीफा दे देना चाहिए और फिर वहां जाना चाहिए, जहां आपके विचार मेल खाते हों, लेकिन अगर आप किसी पार्टी के जनादेश पर चुने जाते हैं और बाद में उसके खिलाफ बोलते हैं, तो उम्मीद की जा रही है कि अध्यक्ष जल्द ही इस याचिका पर फैसला लेंगे और उनकी सदस्यता रद्द कर देंगे। मुझे आशा और विश्वास है कि ऐसा होगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे कई मामले हैं, जिनमें फैसले में देरी हुई है, जहां अंततः अदालती फैसले आए। उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश में जो हुआ, उसे याद कीजिए। जब वहां दलबदल हुआ तो सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। हां, देरी से निराशा जरूर होती है, लेकिन अब लड़ाई आगे बढ़ाई जाएगी। हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। संविधान से संबंधित मामलों का सभी को सम्मान करना चाहिए, और ये सभी पर लागू होते हैं।' संजय सिंह ने उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि पंजाब के विधायक राघव चड्ढा के संपर्क में हैं, इसे भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से किया गया 'झूठा प्रचार' बताया। संजय सिंह ने कहा, 'इस तरह की अफवाहें और झूठी खबरें भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाई जा रही हैं।



## देशभर के विश्वविद्यालयों में होंगी अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं, उपग्रह प्रणालियों व रॉकेटरी का प्रैक्टिकल अनुभव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना है। पहले चरण में सात प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। इन प्रयोगशालाओं में छात्रों को उपग्रह प्रणालियों, रॉकेटरी और मिशन डिजाइन में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को इस परियोजना की समीक्षा की। भारत सरकार की इस पहल का उद्देश्य अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए कुशल भारतीय युवाओं की एक मजबूत श्रृंखला तैयार करना है।

बता दें कि इस क्षेत्र को गैर-सरकारी संस्थाओं के लिए खोलने के बाद इसने पिछले पांच वर्षों में 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है। जितेंद्र सिंह द्वारा की गई समीक्षा में 'इन-स्पेस' के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी दी गई। यहां भारत के अंतरिक्ष सुधारों में हुई प्रगति और मूल्य श्रृंखला में निजी खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी का अवलोकन प्रस्तुत किया।

# प्रचण्ड गर्मी को हल्के में न लें और अपने बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अवश्य अपनाएं : उपायुक्त

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 26 अप्रैल। लगातार बढ़ते तापमान और प्रचण्ड गर्मी के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जिले के नागरिकों के लिए विस्तृत परामर्श जारी करते हुए सभी से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है, जिससे लू (हीट वेव) का खतरा और अधिक गहरा हो सकता है। उपायुक्त ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है और मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान और अधिक बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में लू स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। जिले के नागरिकों से मेरा



अनुरोध है कि वे इस प्रचण्ड गर्मी को हल्के में न लें और अपने बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अवश्य अपनाएं। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक का समय अत्यंत संवेदनशील होता है। इस दौरान सूर्य की किरणें सबसे अधिक तीव्र होती हैं, जिससे लू लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए सभी नागरिक अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। यदि किसी कारणवश बाहर जाना अनिवार्य हो, तो सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें और शरीर को पूरी तरह सुरक्षित रखें।

उपायुक्त ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) होने से चक्कर आना, कमजोरी, उल्टी या बेहोशी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए नियमित अंतराल पर पानी, नींबू पानी, छाछ, ओआरएस या अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। उपायुक्त ने बताया कि बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इन वर्गों पर गर्मी का प्रभाव अधिक तेजी से पड़ता है। अभिभावकों से आग्रह है कि वे बच्चों को धूप में खेलने से रोकें और उन्हें ठंडे वातावरण में रखें।

# एचपीएससी की एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा को जिला में प्रशासन ने सफलतापूर्वक करवाया संपन्न :विवेक आर्य

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 26 अप्रैल। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि एचपीएससी की एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा को जिला में प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक संपन्न करवाया गया है। इस जिला में 26 स्कूलों में 37 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। इन परीक्षा केदो में मॉर्निंग सेशन में 10224 में से 5977 परीक्षार्थियों और इवनिंग सेशन में 10224 में से 5901 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसके साथ ही मॉर्निंग सेशन में 4247 और इवनिंग में 4323 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा हरियाणा



सिविल सेवा (एचसीएस) कार्यकारी शाखा एवं अन्य संबद्ध सेवाओं-2025 की प्रारंभिक परीक्षा को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए परीक्षा केदो को 6 जोन में बांटा गया था। प्रत्येक जोन में एक एक एचसीएस अधिकारी को विशेष जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा प्रत्येक स्कूल में एक पर्यवेक्षक व अन्य टीम को नियुक्त किया गया था। परीक्षार्थियों को सुविधा देने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए थे। सभी तैयारी के साथ जिले में परीक्षा को शांति पूर्वक ढंग से संपन्न करवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। पहला सत्र सुबह 10 से 12 बजे और दूसरा सत्र दोपहर 3 से 5 बजे तक चला। दोनों प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार के थे और अंग्रेजी-हिंदी द्विभाषी थे।

हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) कार्यकारी शाखा एवं अन्य संबद्ध सेवाओं-2025 की इस भर्ती के तहत कुल 102 पदों पर नियुक्ति की जानी है।

# अभेद्य' मोबाइल ऐप से रंगदारी कॉल्स पर लगेगी लगाम : एसपी भूपेंद्र सिंह

» निर्मल सिंह

पानीपत , यु-टर्न 26 अप्रैल। हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध, धमकी भरे कॉल्स और रंगदारी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से 'अभेद्य' मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। यह देश में अपनी तरह का पहला मोबाइल आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म है, जो नागरिकों को संदिग्ध कॉल्स, धमकी भरे संदेशों, स्टॉकिंग और डिजिटल उत्पीड़न से बचाने में सक्षम होगा। इस पहल के साथ ही हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहाँ पर इस प्रकार की अनूठी पहल की गई है।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बदलते समय में अपराधी इंटरनेट आधारित कॉलिंग, फर्जी नंबरों और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों को डराने और ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे में यह ऐप नागरिकों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा। उन्होंने बताया कि देश के भीतर से आने वाली कॉल्स को ट्रेस करना अपेक्षाकृत सरल होता है, जबकि विदेशी नंबरों से आने वाली कॉल्स एक बड़ी तकनीकी चुनौती पेश करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए हरियाणा पुलिस के तकनीकी विशेषज्ञों ने सशक्त समाधान विकसित किया और अभेद्य एप के सफल परीक्षण के बाद गत दिनों इसे लॉन्च किया गया है। एसपी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि यह ऐप एंड्रॉयड एवं एप्पल दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध



है। इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक से संपर्क करना होगा, जिसके उपरांत उसे अधिकृत एक्सेस प्रदान किया जाएगा।

'अभेद्य' ऐप अज्ञात और संदिग्ध नंबरों से आने वाली कॉल्स और संदेशों की पहचान कर उन्हें उपयोगकर्ता तक पहुँचने से पहले ही रोक देता है। यह विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय, वर्चुअल और अनसेव्ड नंबरों की निगरानी करता है तथा संदिग्ध पाए जाने पर कॉल को स्वतः रिजेक्ट कर नंबर को ब्लॉक कर देता है। यह ऐप संदिग्ध चैट, वॉयस मैसेज, नोटिफिकेशन और वॉयस नोट को भी डिवाइस से हटा देता है, जिससे उपयोगकर्ता किसी भी प्रकार के मानसिक दबाव या भय से सुरक्षित रह सके। इतना ही नहीं, विदेशो से आने वाली संदिग्ध कॉल्स पर भी नजर जाएगी। इससे एक तरफ उपयोगकर्ता मानसिक दबाव से दूर रहेगा वही दूसरी तरफ संदिग्ध कॉल करने वाले व्यक्ति को हरियाणा पुलिस द्वारा बैकहैंड से ट्रेस किया जाएगा।

# कच्चा कैंप में बच्चियों को पॉक्सो एक्ट की दी विस्तृत जानकारी : मालती अरोड़ा

जागरूकता शिविर में गुड टच-बैड टच और आत्म-सुरक्षा पर जोर

» पानीपत, यूटर्न/ 26 अप्रैल।

बाल कल्याण समिति की सदस्य मालती अरोड़ा ने रविवार को कच्चा कैंप क्षेत्र में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 14 से 18 वर्ष की बच्चियों को पॉक्सो एक्ट और बच्चों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर का उद्देश्य बच्चियों को उनके कानूनी अधिकारों, आत्म-सुरक्षा और किसी



भी प्रकार के शोषण के खिलाफ जागरूक करना रहा। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट बच्चों को यौन शोषण, छेड़छाड़ और उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने वाला एक सशक्त कानून है, जो उनके सम्मान और न्याय को सुनिश्चित करता है।

उन्होंने बच्चियों को सरल भाषा में गुड टच और बैड टच के बारे में समझाया और कहा कि यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से छूता है, डराता या धमकाता है, तो उसे बिल्कुल नजरअंदाज न करें। ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को दें। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है और संकट में फंसे बच्चे यहां संपर्क कर सकते हैं। शिकायत पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है।

# अपमान नहीं सम्मान दें : सिमरन कराड़



» हरियाणा, यूटर्न/ 26 अप्रैल।

इंसानियत हमें सिखाती है कि हमें कभी किसी का अपमान नहीं करना चाहिए और न ही कोई अगर हमारा अपमान करे, तो उसे सहना चाहिए। मगर फिर भी लोग कभी न कभी किसी का भी अपमान कर देते हैं। उसे दोबारा सुधार अपने मन में भारी बातों से किसी के मुंह पर ही उसकी बेइज्जती कर देते हैं। कि अपमान करने वाला नहीं, सम्मान करने वाला व्यक्ति ही बड़े दिल वाला कहलाता है। कई बार स्कूल के अध्यापक/अध्यापिका उन बच्चों में किसी एक या दो बच्चों की ही गलती बार-बार निकालते हैं और वह भी उनके मित्रों के सामने। अगर वह बच्चा उस पर हंसते हैं, तो वह अपमान का घूंट पीकर रह जाते हैं और कई बार उनके दिल में बात घर कर जाती है जिससे उनका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। ऐसा अक्सर होता ही रहता है, मगर हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हम किसी के सामने उसकी गलती पर हंसी न उड़ाएं। गलती हो जाती है, तो उसे पूरी मेहफिल के सामने बेइज्जत करना या उसे मारना-डांटना सही नहीं है। इससे उसका मनोबल टूट जाता है। बच्चों के साथ भी ऐसा करना ठीक नहीं है। अक्सर माता-पिता अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों पर उन्हें डांट देते हैं, जिससे बच्चों के मन में डर बैठ जाता है और वह अपनी बात खुलकर नहीं कह पाते। कई बार माता-पिता बच्चों की तुलना दूसरों से करते हैं, जो कि बिल्कुल सही नहीं है। इससे बच्चे का आत्मविश्वास कम होता है और वह खुद को कमजोर समझने लगता है। हमें हमेशा अपने बच्चों को समझना चाहिए, उन्हें प्यार देना चाहिए और उनकी गलतियों को सुधारने का अवसर देना चाहिए। आज के समय में बच्चों को प्यार और सम्मान की जरूरत है, न कि डांट-फटकार की। अगर हम बच्चों को सम्मान देंगे, तो वे भी हमें सम्मान देंगे और समाज में अच्छे इंसान बनेंगे।

अगर हम किसी का अपमान करते हैं, तो वह हमारे संस्कारों को दशार्ता है। इसलिए हमेशा दूसरों को सम्मान देना चाहिए और अपनी भाषा व व्यवहार में मधुरता रखनी चाहिए। अगर कोई व्यक्ति हमें अपमानित करता है, तो हमें भी उसे उसी तरह जवाब नहीं देना चाहिए, बल्कि धैर्य और समझदारी से काम लेना चाहिए। यही एक सच्चे इंसान की पहचान होती है।

# विपक्षी दलों की संकुचित सोच के चलते पास नहीं हो पाया महिला आरक्षण अधिनियम : हर्ष मल्होत्रा

## भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार देने व राजनीति में आगे लाने की पक्षधर

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 26 अप्रैल। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम लागू न होने के पीछे कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की संकुचित सोच को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि महिलाओं को उनका हक मिले और वे राजनीति में आगे आएं। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश मजबूत हाथों में है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश दिन प्रतिदिन तरक्की के रास्ते पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद महिलाओं



को हर क्षेत्र में भागीदारी दी गई। यहां तक कि पैरा मिलिट्री फोर्स में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा सत्ता में आई और आते ही हरियाणा की बेटी रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार व प्रतिनिधित्व देने की मंशा रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया और नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश किया। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका श्रेय भी नहीं लेना चाहते थे और यही कारण था कि उन्होंने अधिनियम रखते ही विपक्ष से अनुरोध किया कि वे आगे बढ़कर इसे पास करवाएं ताकि महिलाओं को उनका अधिकार मिल सके। मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके व अन्य विपक्षी दलें ने यह अधिनियम केवल इसलिए पास नहीं होने दिया कि उनके परिवार की महिलाओं से निकलकर यह अधिकार आम महिलाओं तक पहुंच जाता। यही नहीं, विपक्ष ने यह भ्रम फैलाने का प्रयास भी किया कि दक्षिण में सीटें कम हो जाएंगी जबकि हर राज्य में जनसंख्या व वोटों के अनुपात के हिसाब से सीटें बढ़नी थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने यह भी मांग रखी कि मुस्लिम महिलाओं को अलग से आरक्षण दिया जाए लेकिन देश के संविधान में धर्म के आधार पर कोई आरक्षण का प्रावधान नहीं है। वास्तव में कांग्रेस व सपा के लोगों को अपनी जमीन खिसकने का डर था और इसी के चलते उन्होंने इस अधिनियम को गिरा दिया।

# ह्यमन की बातह्न संचार का एक सशक्त माध्यम है : हरियाणा के मुख्यमंत्री

» चंडीगढ़, यूटर्न/ 26 अप्रैल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को संचार का एक सशक्त माध्यम बताते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गुरुग्राम में इसे सुना। कार्यक्रम से पहले, मुख्यमंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सैनी ने ह्यजन आक्रोश महिला सम्मेलनह्न में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवाद स्थापित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री मोदी हर महीने सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा करते हैं।



मुख्यमंत्री सैनी ने आगे कहा कि सरकारी नीतियों और पहलों को नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी प्रतिक्रिया को समझना भी इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा कि ह्यमन की बातह्न प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा, ह्लइस कार्यक्रम के माध्यम से, पूरे देश से सकारात्मक प्रयासों, सामाजिक नवाचारों और जनभागीदारी की प्रेरक कहानियों को उजागर किया जाता है.

## संक्षिप्त खबरें

### निजी सुरक्षा कंपनी के कर्मचारी पर 7.44 लाख के गबन का आरोप

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** गाजियाबाद के शास्त्री नगर स्थित एवरग्रीन फेसिलिटी मैजेंट सर्विस प्रा.लि. सिक्योरिटी कंपनी के कर्मचारी पर 7.44 लाख रुपये गबन का आरोप लगा है। कंपनी संचालक हरबीर सिंह ने वसुंधरा की अरुणिमा पैलेस सोसायटी कार्यालय में तैनात कंपनी कर्मी संजीव कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला एक अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच का है। पुलिस ने 24 अप्रैल की रात मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित हरबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संजीव कुमार सोसायटी कार्यालय में बतौर प्रबंधक कार्यरत रहते हुए लेन देन का पूरा हिसाब वही देखता था। आरोप है कि संजीव ने एक अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक 7.44 लाख रुपये का गबन किया। इस बात की जानकारी कर्मचारियों से मिली तो संजीव से बात की गई लेकिन उसने सही जवाब नहीं दिया और आफिस आना भी बंद कर दिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सोसायटी के लेनदेन संबंधी रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### चार से छह घंटे कटौती से लोग परेशान, शिकायतों के बाद भी नहीं मिल रहा समाधान

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** पारा जैसे-जैसे चढ़ रहा है वैसे-वैसे ही ट्रांस हिंडन एरिया के निवासियों की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोकल फाल्ट के नाम पर हर रोज चार से छह घंटे कटौती से लोग परेशान हैं और शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं मिल रहा है। भीषण गर्मी के बीच टीएचए क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराते हुए बेपटरी हो गई है। रोजाना 150 से 200 लोकल फॉल्ट हो रहे हैं। दो सप्ताह से 50 हजार लोगों को कई-कई घंटे कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से इन क्षेत्रों में पानी की भी आपूर्ति नहीं हो सकी। भोपुरा स्थित ऑक्सी होम सोसायटी के पास 33 केवी लाइन में आए फॉल्ट की वजह से आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय निवासी अनुज शर्मा का कहना है कि शिकायत की लेकिन चार घंटे बाद ही बिजली बहाल हो सकी। वहीं, शालीमार गार्डन के विक्रम एन्क्लेव में मेंटेनेंस के नाम पर करीब पांच घंटे की कटौती की गई। वैशाली, वसुंधरा, कौशांबी, इंदिरापुरम और साहिबाबाद समेत कई क्षेत्रों में लगातार फॉल्ट के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही। अधिकारी दावा कर रहे हैं कि शिकायत मिलते ही फॉल्ट दुरुस्त करके आपूर्ति सुचारू कर दी है लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है।

## दिल्ली पुलिस की सख्ती : चोरी के सिलेंडर और मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



दक्षिण-पश्चिम जिले के पालम गांव पुलिस स्टेशन के स्टाफ ने सफलतापूर्वक एक चोर को गिरफ्तार किया है, जिसका नाम सुशील कुमार उर्फ साजन है।

उसकी गिरफ्तारी के साथ ही चोरी का एक गैस सिलेंडर और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

22 अप्रैल को पालम गांव पुलिस स्टेशन में सेंधमारी के आरोप में ई-एफआईआर के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को सुलझाने के लिए पालम गांव पुलिस स्टेशन की एक टीम बनाई गई, जिसमें एएसआई संजीव कुमार, एएसआई वीरेंद्र सिंह, एचसी हरेंद्र, एचसी संदीप और एचसी कृष्ण शामिल थे। यह टीम इंस्पेक्टर सुधीर कुमार गुलिया (एसएचओ/पालम गांव थाना) के नेतृत्व में और अनिल कुमार (एसीपी/सब-डिवीजन दिल्ली कैंट) की कड़ी निगरानी में काम कर रही थी, जिसका उद्देश्य अपराधियों को पकड़ना था।

टीम ने अपने गुप्त मुखबिरों को सक्रिय किया, तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल किया और विभिन्न जगहों से मिले सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। सक्रिय अपराधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए इलाके में स्टाफ भी तैनात किया गया था। जांच के दौरान, रास्ते भर के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिससे आरोपी की पहचान हो सकी।

अधिकारियों ने बताया कि पालम गांव इलाके में आरोपी की मौजूदगी के बारे में एक विशेष गुप्त सूचना मिली थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने एक सुनियोजित जाल बिछाया और आरोपी सुशील कुमार उर्फ साजन (निवासी महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली, उम्र 33 वर्ष) को धर दबोचा। उसके कब्जे से चोरी का एक गैस सिलेंडर बरामद किया गया। लगातार पूछताछ और आगे की जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए।

आरोपी सुशील शराब का आदी है। वह पहले टैक्सी ड्राइवर के तौर पर काम करता था, लेकिन तीन महीने पहले उसने वह नौकरी छोड़ दी थी। अपनी लत को पूरा करने के लिए आसानी से पैसे कमाने की चाह में उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

वहीं, सुशील पर पालम गांव थाने में कुल तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## दिल्ली पुलिस ने कपिल सांगवान गिरोह से जुड़े हथियार सप्लायर को किया गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



दिल्ली में संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-गैंगस्टर स्क्वाड (एजीएस) ने कुख्यात गैंग से जुड़े एक हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान 24 वर्षीय आदित्य मिश्रा के रूप में हुई है, जो कुख्यात कपिल सांगवान नंदू गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। यह कार्रवाई द्वारका के पोचनपुर गांव के पास यूईआर-II रोड पर की गई। क्राइम ब्रांच की ओर से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक, आरोपी को खुफिया सूचना के आधार पर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके बाद उसके खिलाफ दिल्ली क्राइम ब्रांच थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर नंबर 75/26 दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार, कपिल सांगवान उर्फ नंदू दिल्ली के द्वारका-नजफगढ़ इलाके का कुख्यात गैंगस्टर है, जो फिलहाल विदेश में रहकर अपने नेटवर्क को संचालित कर रहा है। उसका गैंग एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स के जरिए आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है और उस पर जबरन वसूली, अवैध हथियार सप्लाई समेत कई गंभीर आरोप हैं। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने तुरंत उसे काबू कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी के बताने पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई में एक और सिंगल शॉट पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस और एक ब्लैंक गन भी बरामद की। पूछताछ में आदित्य मिश्रा ने गैंग से जुड़े जबरन वसूली के मामलों में अपनी भूमिका भी कबूल की है। बताया गया है कि वह गैंग के कहने पर पीड़ितों से सीधे संपर्क करता था और उन पर पैसे देने के लिए दबाव बनाता था। कई मामलों में उसने बड़ी रकम इकट्ठा करने में भी मदद की।

### करंट से श्रमिक की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** कोतवाली क्षेत्र की रूप नगर कॉलोनी स्थित शिवा इलेक्ट्रॉनिक दुकान के पूर्व कर्मी विपिन की मौत के मामले में पुलिस ने छह माह बाद 25 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की है। हादसा एक अक्तूबर 2025 को हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित परिजन ने अदालत की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर दुकान मालिक दिनेश व अमित को नामजद किया है। बागपत के कनवाडा गांव निवासी सुमन वीर ने अदालत को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके भाई विपिन शिवा इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर नौकरी करते थे। एक अक्तूबर 2025 को दोपहर को दुकान के मालिक दिनेश व अमित ने विपिन को मोटर की मरम्मत करने को कहा था। आरोप है कि मोटर में करंट आ रहा था और इसकी जानकारी आरोपियों ने उनके भाई को नहीं दी। इससे काम करने के लिए बिजली के बोर्ड में तार लगाते ही मोटर में उतरे करंट की चपेट में उनका भाई आ गया। दुकान मालिक जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन वहां डॉक्टरों ने विपिन को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि कोर्ट के आदेश से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### किराये पर चलाने के लिए कार ली और बेच दी, धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** टीलामोड़ क्षेत्र स्थित अशोक वाटिका निवासी अबरार से कार किराये पर लेकर दिल्ली निवासी वरुण ने बेच दी। गाड़ी का जीपीएस बंद होने पर शक हुआ तो पूरा मामला खुला। पुलिस ने 24 अप्रैल को अबरार की तहरीर पर उत्तरी दिल्ली के गुजरांवाला टाउन निवासी वरुण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में अबरार ने बताया कि 29 मार्च को वरुण ने उनसे कार किराये पर चलाने के लिए ली थी। 15 अप्रैल को गाड़ी का अचानक जीपीएस बंद हो गया। जब संदेह हुआ तो उन्होंने आरोपी को फोन किया लेकिन उसका मोबाइल फोन भी बंद पाया। किसी तरह गाड़ी का तीसरा जीपीएस ऑन कराया और गाड़ी को ट्रेस किया। उसके बाद पता चला कि आरोपी ने उनकी गाड़ी फर्जीवाड़ा कर अन्य व्यक्ति को बेच दी है।

### भवन निर्माण फर्म के मुंशी को पीटा, काम बंद कराने का आरोप

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** ज्ञानखंड एक स्थित प्लॉट संख्या 177 पर कराए जा रहे अर्वांतिका बिल्डकॉन फर्म का निर्माण कार्य लोगों ने रुकवा दिया। आरोपियों ने फर्म के मुंशी नवीन शर्मा पर लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मामला 17 अप्रैल का है, पुलिस ने गौरव सिंह और देवेंद्र सिंह के खिलाफ 24 अप्रैल की रात प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित नवीन शर्मा ने बताया कि वह अर्वांतिका बिल्डकॉन फर्म में मुंशी हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर हादसा : टेकऑफ के दौरान स्विस एयर विमान के इंजन में आग, 6 यात्री घायल

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**




दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर स्विस एयर की एक उड़ान के टेकऑफ के दौरान उसके इंजन में अचानक खराबी आ गई और आग लग गई। इस घटना में कम से कम 6 यात्रियों के घायल होने की खबर है। हालांकि, पायलट और ग्राउंड स्टाफ की तत्परता के चलते एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

सूत्रों के अनुसार, स्विस एयर का यह विमान दिल्ली से अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरने ही वाला था। जैसे ही विमान रनवे पर गति पकड़ रहा था, तभी उसके एक इंजन से असामान्य आवाज आने लगी और देखते ही देखते उसमें आग की लपटें दिखाई देने लगीं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए पायलट ने तुरंत टेकऑफ रोक दिया और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी। इसके बाद एयरपोर्ट पर मौजूद दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाएं तुरंत हरकत में आ गईं। कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया और विमान को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।

इस दौरान विमान में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान 6 यात्री हल्के रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, विमान में सवार सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए रनवे संचालन प्रभावित हुआ, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य कर दी गई।

इस घटना के बाद विमानन कंपनी और संबंधित एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में इंजन में तकनीकी खराबी को आग लगने का कारण माना जा रहा है। विशेषज्ञों की टीम विमान के ब्लैक बॉक्स और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है ताकि घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। बताया जा रहा है कि घटना के समय विमान के अंदर अचानक धुआं भरने लगा था, जिससे घबराहट फैल गई। हालांकि क्रू मेंबर्स ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सभी यात्रियों को शांत रखा और सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।

## पेंट फैक्टरी में आग, सिलिंडर फटने से धमाके

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** मसूरी क्षेत्र के दीक्षा औद्योगिक पार्क स्थित दीनानाथपुर पुट्ठी गांव में शनिवार दोपहर करीब दो बजे पेंट स्प्रे और ऑक्सीजन के छोटे सिलिंडर बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। आग की चपेट में ऑक्सीजन सिलिंडर और केमिकल के ड्रम आने से जोरदार धमाके हुए। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। तीन जनपदों की दमकल टीमों ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। सीएफओ राहुल पाल के मुताबिक, दीनानाथपुर पुट्ठी गांव स्थित एसएसएस एरोसोल नामक फैक्टरी चेतन कुमार की है। यहां स्प्रे पेंट और छोटे ऑक्सीजन सिलिंडर बनाने व भरने का काम होता है। पेंट और केमिकल से भरे ड्रम में आग लगते ही तेज धमाके होने लगे। ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से स्थिति और भयावह हो गई। मौके पर गाजियाबाद के अलावा हापुड़ और गौतमबुद्धनगर से दमकल की कुल 12 गाड़ियां बुलाई गईं। दमकलकर्मियों ने हौज पाइप बिछाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन इसी दौरान फैक्टरी में रखे एलपीजी और बड़े ऑक्सीजन सिलिंडर भी फट गए, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। प्राथमिक आकलन के अनुसार, हादसे में करीब तीन करोड़ रुपये का पेंट, केमिकल और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया।

## मौसम में बदलाव के बावजूद देश में गेहूं का उत्पादन स्थिर और मजबूत: केंद्र सरकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



सरकार ने रविवार को 2025झ26 के गेहूं उत्पादन पर कुछ मीडिया रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा कि कुछ क्षेत्रों में मौसम से संबंधित प्रभाव देखे गए हैं, फिर भी 2025झ26 के लिए कुल गेहूं उत्पादन की स्थिति स्थिर और मजबूत बनी हुई है।

यह बढ़े हुए रकबे, बेहतर कृषि पद्धतियों और उन्नत किस्मों को अपनाने के कारण संभव हुआ है। कृषि मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान गेहूं सीजन को 'मिश्रित लेकिन लचीला' कहा जा सकता है, जो एक ओर जलवायु संबंधी चुनौतियों और दूसरी ओर किसानों द्वारा अपनाए गए मजबूत अनुकूलन उपायों से प्रभावित है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, 'लगभग 33.4 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में बोई गई गेहूं की फसल में इस सीजन के दौरान कीटों और रोगों का कोई प्रकोप नहीं देखा गया। देश में समय पर और जल्दी बुवाई के कारण पिछले वर्ष की तुलना में क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।'

उदाहरण के तौर पर, हरियाणा की मंडियों में गेहूं की आवक ने सरकार के 75 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) खरीद लक्ष्य को पार कर लिया है, जिसमें अब तक 56.13 एलएमटी की खरीद हो चुकी है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 9 एलएमटी अधिक है। मध्य प्रदेश में प्रारंभिक खरीद लक्ष्य 78 एलएमटी था, लेकिन उच्च उत्पादन अनुमान के कारण राज्य सरकार के अनुरोध पर इसे बढ़ाकर 100 एलएमटी कर दिया गया है। महाराष्ट्र में 2025-26 के लिए गेहूं उत्पादन का अनुमान लगभग 22.90 लाख टन है, जो हाल के वर्षों की तुलना में स्थिर वृद्धि दशार्ता है।

## वित्त वर्ष 2027 में पुरानी बनाम नई आयकर व्यवस्था में कर्मचारियों के लिए कौन सा विकल्प रहेगा फायदेमंद?

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**




वित्त वर्ष 2026-27 शुरू होते ही सैलरीड कर्मचारियों के सामने एक बार फिर पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था में से सही विकल्प चुनने की चुनौती आ गई है। यह फैसला आपकी आय, निवेश और टैक्स बचाने की आदतों पर निर्भर करता है। सही विकल्प चुनने से आपके टैक्स का बोझ और हर महीने मिलने वाली सैलरी पर सीधा असर पड़ता है।

हालांकि इस साल आयकर स्लैब में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन कुछ नए अपडेट और स्पष्टीकरण के बाद यह चर्चा फिर तेज हो गई है कि कौन-सा टैक्स सिस्टम ज्यादा बेहतर है। कई लोगों के लिए इस साल सही विकल्प पिछले साल से अलग भी हो सकता है।

पुरानी टैक्स व्यवस्था (ओल्ड टैक्स रिजीम) में टैक्सपेयर्स को कई तरह की छूट और डिडक्शन मिलती हैं, जैसे सेक्शन 80सी में निवेश, हेल्थ इंश्योरेंस (80डी), होम लोन ब्याज, एचआरए और एलटीए। लेकिन इसके बदले टैक्स दरें ज्यादा होती हैं। इसमें 2.5 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं, 2.5-5 लाख पर 5 प्रतिशत, 5-10 लाख पर 20 प्रतिशत और 10 लाख से ऊपर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। वहीं नई टैक्स व्यवस्था (न्यू टैक्स रिजीम) में टैक्स दरें कम हैं, लेकिन ज्यादातर छूट और डिडक्शन हटा दिए गए हैं। इसमें 4 लाख तक आय टैक्स फ्री है, 4-8 लाख पर 5 प्रतिशत, 8-12 लाख पर 10 प्रतिशत, 12-16 लाख पर 15 प्रतिशत, 16-20 लाख पर 20 प्रतिशत, 20-24 लाख पर 25 प्रतिशत और 24 लाख से ऊपर 30 प्रतिशत टैक्स देना होता है।

अगर आपकी सालाना आय 12.75 लाख रुपए तक है, तो नई टैक्स व्यवस्था आपके लिए फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि इसमें स्टैंडर्ड डिडक्शन और सेक्शन 87ए के तहत टैक्स शून्य हो सकता है। साथ ही, जो लोग टैक्स सेविंग निवेश नहीं करते या ज्यादा टेक-होम सैलरी चाहते हैं, उनके लिए भी नया सिस्टम बेहतर है।

वहीं, अगर आप 4-5 लाख रुपए या उससे ज्यादा डिडक्शन क्लेम करते हैं, जैसे 80सी, 80डी, एचआरए या होम लोन, तो पुरानी टैक्स व्यवस्था ज्यादा लाभदायक हो सकती है। खासतौर पर मिडिल क्लास और फैमिली जिम्मेदारियों वाले लोगों के लिए यह विकल्प बेहतर साबित हो सकती है।

हाल ही में आयकर कानून में किए गए कुछ बदलाव वित्त वर्ष 2027 की फाइलिंग पर तुरंत असर नहीं डालेंगे। ये बदलाव जून-जुलाई 2027 में रिटर्न भरते समय लागू होंगे।

वहीं, बजट 2026 के तहत आईटीआर-3 और आईटीआर-4 भरने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है। 1 अप्रैल 2026 से कुछ नए बदलाव लागू हुए हैं। अब पुरानी टैक्स व्यवस्था में 200 रुपए तक के भोजन पर मिलने वाला अलाउंस टैक्स फ्री होगा, जो पहले 50 रुपए था। गिफ्ट वाउचर और कूपन 15,000 रुपए सालाना तक टैक्स फ्री होंगे। इसके अलावा अहमदाबाद, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे को हाई एचआरए कैटेगरी में शामिल किया गया है। बच्चों की शिक्षा भत्ता 100 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रति माह और हॉस्टल खर्च 300 रुपए से बढ़ाकर 9,000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है।

## कैट ने सरकार से छोटे व्यापारियों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति बनाने का आग्रह किया




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने रविवार को कहा कि अगर भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल मार्केट को अविनियमित छोड़ा गया तो यह भारत के पारंपरिक खुदरा बाजार के ढांचे को नुकसान पहुंचा सकता है, जो कि बड़े स्तर पर देश में स्वरोजगार और नौकरियों के अवसर पैदा करते हैं।

इसके साथ ही, कैट ने सरकार से आग्रह किया कि वह छोटे व्यापारियों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति बनाए।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भेजे गए एक पत्र में, कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने डेलॉयट और गूगल की ताजा संयुक्त रिपोर्ट 'द 250 बिलियन डॉलर कॉमर्स फ्रंटियर' का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट भारत के डिजिटल वाणिज्य बाजार के भविष्य में होने वाले व्यापक विस्तार को स्पष्ट रूप से दशार्ती है, लेकिन साथ ही निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर देती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का ई-कॉमर्स बाजार 2019 से 2025 के बीच बढ़कर लगभग 90 अरब डॉलर हो गया है और 2030 तक इसके 250 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें आगे कहा गया है कि 2030 तक 22 करोड़ नए जनरेशन जेड के ग्राहक ऑनलाइन खरीदारी से जुड़ेंगे, जनरेशन जेड के ग्राहक कुल ऑनलाइन खर्च का 45 प्रतिशत हिस्सा होंगे, 15 करोड़ नए ग्राहक ऑनलाइन आएंगे और प्रति व्यक्ति ई-कॉमर्स खर्च दोगुना होने की उम्मीद है। टियर-2 शहरों और छोटे कस्बों में पहले से ही 60 प्रतिशत से अधिक ग्राहक सामान खरीद रहे हैं, कुल खर्च का लगभग आधा हिस्सा और कुल ऑर्डर का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आता है।

## टोयोटा इनोवा कुल 1,12,188 यूनिट्स की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



वित्त वर्ष 2026 में टोयोटा इनोवा ने अपनी बिक्री से पुनः अपनी लोकप्रियता को साबित किया है। इस दौरान कार के बिक्री के यह आंकड़े भारतीय बाजार में टोयोटा के विविध पोर्टफोलियो और ग्राहकों के बीच उसकी मजबूत स्वीकार्यता को दशार्ते हैं। टोयोटा इनोवा, जिसमें इनोवा हाइक्रॉस और क्रिस्टा दोनों शामिल हैं, ने कुल 1,12,188 यूनिट्स की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि को दशार्ता है, जब 1,07,204 नए ग्राहकों ने इसे खरीदा था। यह बिक्री आंकड़े भारतीय बाजार में 7-सीटर सेगमेंट में इनोवा की मजबूत पकड़ और लोकप्रियता को दशार्ते हैं। इनोवा के अलावा, टोयोटा के अन्य मॉडलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। बिक्री की इस सूची में दूसरे नंबर पर टोयोटा हाइराइडर रही, जिसने 65 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 99,890 यूनिट्स की बिक्री की। टोयोटा ग्लैंजा तीसरे नंबर पर रही, जिसकी 52,548 यूनिट्स बिकीं और इसने 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वहीं, टोयोटा फॉर्च्यूनर ने 35,216 यूनिट्स की बिक्री के साथ चौथा स्थान हासिल किया, जिसमें 7 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी देखी गई।

## 37 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी हासिल की महिंद्रा स्कॉर्पियो ने

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



मार्च 2026 की बिक्री के आंकड़ों पर नजर डालें तो बाजार में महिंद्रा स्कॉर्पियो का एकतरफा दबदबा देखने को मिला, जिसने 37 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल की। इस सेगमेंट के टॉप-15 मॉडलों में महिंद्रा के चार मॉडल (स्कॉर्पियो, एक्सयूवी7एक्स0, एक्सईवी 9एस और एक्सईवी 9ई) शामिल थे। मार्च 2026 में महिंद्रा स्कॉर्पियो की 14,578 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल मार्च 2025 की 13,913 यूनिट्स से 4.78प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है। महिंद्रा एक्सयूवी7एक्स0 ने भी शानदार प्रदर्शन किया, इसकी बिक्री 34.43प्रतिशत बढ़कर 9,210 यूनिट्स हो गई। टोयोटा फॉर्च्यूनर ने 3,795 यूनिट्स बेचीं, जिसमें 11.88प्रतिशत की सालाना ग्रोथ दर्ज की गई। महिंद्रा एक्सईवी 9एस की 3,254 यूनिट्स बिकीं, जबकि टाटा हैरियर/ईवी ने 123.4प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 2,826 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की।

इस सेगमेंट में अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में महिंद्रा एक्सईवी 9ई (1,759 यूनिट्स), टाटा सफारी (1,530 यूनिट्स), हुंडई अल्काजार (893 यूनिट्स) और टऋहेक्टर (850 यूनिट्स) शामिल हैं।

## खूबियों से भरपूर टीवीएस रेडर 125 का नया अवतार लांच

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



अपनी लोकप्रिय 125सीसी मोटरसाइकिल रेडर को टीवीएस मोटर ने नए डीडी वैरिएंट और नाइट्रो ग्रीन नामक एक आकर्षक रंग विकल्प के साथ लॉन्च किया है। नाइट्रो ग्रीन रंग बाइक के आगे के काउल, फेंडर, अगले पहिए, फ्यूल टैंक, साइड पैनल्स और बेली पैन पर प्रमुखता से दिखाई देता है, जिसे ग्रे स्पोर्टी ग्राफिक्स के साथ और भी डायनामिक लुक दिया गया है।

रेडर 125 के टीएफटी डीडी और एसएक्ससी डीडी वैरिएंट में यह नया रंग उपलब्ध है, जो मौजूदा मेटैलिक ब्लू और स्ट्राइकिंग रेड विकल्पों को और भी आकर्षक बनाता है। आगे के पहिए पर नाइट्रो ग्रीन और पीछे के पहिए पर काले अलॉय व्हील्स का संयोजन इसे एक अनोखा स्टाइल देता है। टॉप-मॉडल टीएफटी डीडी वैरिएंट में एक बड़ा अपडेट पूरी तरह से रंगीन टीएफटी डिस्प्ले है। यह डिस्प्ले एक आधुनिक और प्रदर्शन-केंद्रित यूजर इंटरफेस प्रदान करता है, जिसमें नारंगी और काले रंगों का उपयोग जानकारी को तेज रोशनी में भी आसानी से पढ़ने योग्य बनाता है। यह हाई-टेक कॉकपिट जैसा डिस्प्ले फोन कॉल्स, टर्न बाय टर्न नेविगेशन, राइड रिपोर्ट, मैच के स्कोर और मौसम अपडेट जैसी 99 से अधिक कनेक्टेड सुविधाओं को सपोर्ट करता है। मोटरसाइकिल में 124.8 सीसी का एयर और ऑयल कूल्ड, सिंगल सिलेंडर इंजन है जो 11.38 पीएस की पावर और 11.2 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का मुनाफा बढ़कर 300 करोड़ के पार

**मुंबई, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** प्राइवेट सेक्टर के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं, जिसमें बैंक ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस तिमाही में बैंक का मुनाफा 4.९ फीसदी बढ़कर 319 करोड़ हो गया। बैंक ने यह भी बताया कि कुछ विशिष्ट (एकमुश्त) घटनाओं को छोड़कर, उसकी वास्तविक या सामान्यीकृत शुद्ध आय 746 करोड़ के करीब रही, जो बैंक की मजबूत अंतर्निहित वित्तीय स्थिति को दशार्ती है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के लिए चौथी तिमाही का मुख्य आकर्षण उसकी मजबूत परिचालन आय और बेहतर संपत्ति गुणवत्ता रही। बैंक की शुद्ध ब्याज आय में 15.7 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 4,907 करोड़ रुपए से बढ़कर 5,677 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। यह दशार्ता है कि बैंक ने कर्ज देने और उससे ब्याज कमाने में शानदार प्रदर्शन किया है। हालांकि, नेट इंटरेस्ट मार्जिन मामूली गिरावट के साथ 5.95 फीसदी से 5.93 फीसदी रहा, जिसे लगभग स्थिर माना जा सकता है। बैंक की संपत्ति गुणवत्ता में भी सराहनीय सुधार हुआ है। सकल गैर-निष्पादित आस्तियां 1.69 फीसदी से घटकर 1.61 फीसदी रह गईं, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां 0.53 फीसदी से कम होकर 0.48 फीसदी पर आ गईं। फंसे कर्ज में कमी और भविष्य के घाटे के लिए किए जाने वाले प्रावधान में भारी कटौती ने भी बैंक के मुनाफे को सीधे तौर पर प्रभावित किया है।

### भारत में टीम कुक के बाद जॉन टर्नस संभालेंगे एप्पल की बागडोर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** भारत में दिग्गज टेक कंपनी एप्पल के सीईओ टीम कुक ने कंपनी की एक बेहद मजबूत और नई पहचान स्थापित की है। टिम कुक सितंबर में एप्पल के सीईओ का पद छोड़ने वाले है। उनके उत्तराधिकारी जॉन टर्नस से उम्मीद की जा रही है कि वे इस वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज के सफर को भारत में और भी अधिक गति प्रदान करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि टर्नस के नेतृत्व में भारत में एप्पल की विस्तार रणनीति और तेज हो सकती है, क्योंकि यह देश अब कंपनी के लिए सिर्फ एक महत्वपूर्ण मैन्युफैक्चरिंग हब नहीं, बल्कि एक विशाल और अहम उपभोक्ता बाजार भी बन चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार, टिम कुक के कार्यकाल के दौरान भारत एप्पल के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक के रूप में उभरा है।

# झुग्गियों में लगी भीषण आग: गुरुग्राम में मेट्रो के पास फ्लाईओवर किनारे उठीं लपटें

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित झुग्गियों में शनिवार देर रात अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह है कि देखते ही देखते काफी झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। झुग्गियों में लगी आग से उठता धुआं और आग की लपटें कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही हैं।

आग में कई लोगों के फंसे होने की आंशका है। हालांकि फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस की तरफ से अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।



दमकल विभाग की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं और दमकल विभाग की टीम झुग्गियों में लगी आग को बुझाने का प्रयास कर रही हैं।

बताया जा रहा है कि आग लगने की शुरूआत एक झुग्गी से हुई, जिसने तेज हवाओं के कारण मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। कई झुग्गियों में रखे छोटे गैस सिलेंडरों में हुए धमाकों ने आग को और अधिक भड़का दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए बदहवास होकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी हैं। संकरा रास्ता होने के कारण फायर टेंडर्स को घटनास्थल तक पहुंचने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीमें भी मौके पर मौजूद हैं और राहत कार्य में जुटी हैं। सिविल डिफेंस से मोहित शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पाया जा रहा है। अभी किसी के घायल होने या झुलसने की सूचना नहीं है।

### आग पर काबू

एक दमकल अधिकारी ने बताया कि हमें शाम करीब 7.35 बजे सूचना मिली। हम डीएलएफ दमकल सेवा से हैं। यहां कोई हताहत नहीं हुआ है। हम हरियाणा दमकल सेवा की सहायता के लिए यहां आए हैं। आग पर काबू पा लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गाड़ी का शीशा तोड़ युवक को बाहर खींचकर बेरहमी से पीटा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** थाना सूरजकुंड के अंतर्गत सैनिक कॉलोनी चौक की रेड लाइट पर खड़े एक युवक पर कुल्हाड़ी और डंडों से जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर 25 अप्रैल को आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बड़खल निवासी वसीम अकरम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-49 में अपनी सरिया की दुकान बंद करके गाड़ी से घर लौट रहा था। जब वह 24 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे सैनिक कॉलोनी चौक पर रेड लाइट होने के कारण रुके हुए थे, तभी अचानक समीर नामक युवक अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोपियों ने कुल्हाड़ी और डंडों से गाड़ी पर हमला कर दिया और ड्राइवर साइड का शीशा तोड़कर वसीम को बाहर खींच लिया। आरोप है कि समीर ने वसीम के दाएं पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर कुल्हाड़ी से वार किए, जबकि उसके साथियों ने उसे डंडों से बेरहमी से पीटा। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा पथराव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम बीके अस्पताल पहुंची जहां वसीम उपचाराधीन था। डॉक्टर द्वारा जारी एमएलआर में पीड़ित के शरीर पर कुल्हाड़ी और डंडों के प्रहार से लगी कुल सात चोटों की पुष्टि हुई है। पीड़ित ने शिकायत में पांच लाख रुपये लूटने का आरोप भी लगाया था, लेकिन पुलिस जांच में लूटपाट के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शुरूआती जांच और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी समीर और उसके साथियों के खिलाफ धारा 115(2), 351(2), 109, 324(4) और 3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### धोखाधड़ी के मामले में पेश न होने पर भगोड़ा घोषित

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** धोखाधड़ी और गबन के मामले में कोर्ट में पेश नहीं होने पर आरोपी बिशंबर दयाल को भगोड़ा घोषित करार दिया गया। अदालत जेएमआईसी नवीन कुमार के आदेश पर सेक्टर-17 थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया की अवहेलना करने के जुर्म में 24 अप्रैल को एक नई प्राथमिकी दर्ज की है। बिशंबर दयाल लगातार अदालत में भी पेश नहीं हो रहा था। अदालत द्वारा आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उद्घोषणा जारी की गई थी.

# स्कूल में शराब पीते मिले अध्यापक और लैब अटेंडेंट विरोध करने पर डीडीओ से की मारपीट

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

बृहस्पतिवार को सोतई स्थित शहीद नायक रघुवीर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में कार्यरत पीटीआई रामजीत कर्दम और लैब अटेंडेंट जितेंद्र द्वारा विद्यालय परिसर में शराब पीने का मामला सामने आया है। शराब पीने का विरोध करने पर डीडीओ (इंचार्ज) डॉ. अशोक कुमार से रामजीत कर्दम और जितेंद्र ने मारपीट की।

इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और खंड शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद तथा बल्लभगढ़ को दी गई है। फिलहाल मामले की जांच शुरू नहीं हुई है। सोमवार से मामले की जांच शुरू होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मामले को लेकर डीडीओ डॉ. अशोक कुमार का कहना है कि 23 अप्रैल को करीब 1.05 बजे स्पोर्ट्स रूम में जांच के लिए क्लर्क प्रवीण यादव तथा प्राइमरी विंग इंचार्ज अनिल कुमार के साथ पहुंचे थे।

मौके पर पीटीआई रामजीत सिंह कर्दम और लैब अटेंडेंट जितेंद्र शराब पीते हुए मिले। उनके बैग में दो शराब की बोतलें भी थीं। जब डीडीओ ने शराब की बोतल वाले बैग को उठाया तो उनके साथ हाथापाई की गई।

डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि अध्यापकों सहित अन्य स्टाफ के



समक्ष जब इस संबंध में मीटिंग रखी गई तो आरोपियों ने बोतल में बची शराब को उनके ऊपर गिरा दिया।

उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। डीडीओ सहित अन्य अध्यापकों ने इस मामले की शिकायत उप जिला शिक्षा अधिकारी संदेश सोलंकी को दी है। उप जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

विद्यालय के डीडीओ और अन्य स्टाफ द्वारा मामले की लिखित में शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। जांच में आरोप सिद्ध होने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।- संदेश सोलंकी, उप जिला शिक्षा अधिकारी।

डीडीओ द्वारा गलत आरोप लगाए गए हैं। उनके पास हमारे द्वारा शराब पीने का कोई सबूत नहीं है। इस मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच होनी चाहिए। -जितेंद्र, लैब अटेंडेंट, राजकीय उच्च विद्यालय सोतई

# मिजार्पुर में एक माह से गंदे पेयजल की आपूर्ति, लोग परेशान

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

नगर निगम के वार्ड नंबर 48 के मिजार्पुर में पिछले एक माह से गंदे पेयजल की आपूर्ति से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि मामले की जानकारी पार्षद के साथ ही जलकल विभाग के अधिकारियों को भी दी जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

गंदे पेयजल की आपूर्ति के चलते बाहर से बोतल बंद पानी को खरीदकर पीना पड़ रहा है। नलों से आ रहा पानी पीने के लायक नहीं है और इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी बना हुआ है। इलाके के रामिश ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर निगम में कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारी न तो फोन उठाते हैं और न ही मौके पर आकर समस्या का समाधान करते हैं।



लोगों का कहना है कि गंदा पानी आने से रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। पीने के पानी के लिए उन्हें बाहर से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। नगर निगम के जलकल विभाग के महाप्रबंधक केपी आनंद ने बताया कि यह शिकायत मिली है। जल्द ही विभाग की टीम मौके पर जाकर जांच करेगी।

# केडब्ल्यू सृष्टि में पानी की किल्लत हुई दूर, निवासियों ने ली राहत की सांस

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

राजनगर एक्सटेंशन की केडब्ल्यू सोसायटी में कई दिनों से चल रही पानी की समस्या का मुद्दा सुलझ गया है। अमर उजाला ने 25 अप्रैल के अंक में इस समस्या को प्रमुखता से छापा था। इसके बाद जिम्मेदारों ने सक्रियता दिखाई।

शनिवार को दिक्कत दूर हो गई, हालांकि फॉल्ट अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाया है, लेकिन आपूर्ति चालू होने से निवासियों ने राहत की सांस ली है। निवासी प्रदीप वर्मा ने बताया कि आपूर्ति चालू कर दी गई है। फॉल्ट वाली जगह को मिट्टी से ढक दिया गया है, हालांकि अभी लीकेज जारी है। विकास और दीक्षांत का कहना है कि पानी अब सभी घरों में निर्बाध पहुंच रहा है। एओए सचिव प्रशांत पांडेय का कहना है कि



पानी की समस्या अब दूर हो गई है। सभी घरों में पानी की आपूर्ति हो रही है। एक बार जब पानी के टैंक खाली हो जाते हैं तो उसे रिकवर करने में समय लगता है। शुक्रवार रात को पाइप ठीक करा दिया और आपूर्ति शुरू कर दी गई। अभी भी पाइप में थोड़ी लीकेज बची है, हालांकि इससे आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आ रही है।

# भीषण गर्मी में गर्भवती महिलाओं की बढ़ी परेशानी, बचाव जरूरी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

बढ़ते तापमान ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है और इसका अधिक असर गर्भवती महिलाओं पर पड़ रहा है। पांच दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम 26 से 28 डिग्री बना हुआ है। इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अत्यधिक गर्मी गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं का जोखिम बढ़ा सकती है। हाल ही में प्रकाशित एक चिकित्सा शोध के मुताबिक, अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहने से गर्भवती महिलाओं में डिहाइड्रेशन, उच्च रक्तचाप की परेशानी बढ़ी है।

आईएमए गाजियाबाद की अध्यक्ष व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अल्पना कंसल का कहना है कि गर्मी से होने वाली परेशानियों के कई कारण सामने आ रहे हैं। शरीर में पानी की कमी, अत्यधिक पसीना आना, इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन, लंबे समय तक धूप में रहना और पोषण की कमी शामिल हैं। ये सभी परेशानी गर्भवती महिलाओं की स्थिति



को और गंभीर बना सकते हैं। हालांकि पर्याप्त मात्रा में जल और नारियल पानी का सेवन, दोपहर में बाहर निकलने से बचना, ताजे फल- हल्का भोजन लेना, नियमित आराम करना और डॉक्टर की सलाह के अनुसार जांच कराना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने भी गर्भवती महिलाओं को विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि गर्मी में उनका और शिशु का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

### धूप में निकलने से बचें

जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अभिषेक त्रिपाठी का कहना है कि गर्मी अधिक है और शरीर का तापमान संतुलित रखना भी जरूरी है।

# हीट वेव प्लान में बड़ा बदलाव: स्कूलों में बच्चों को ORS देना जरूरी, पशु-पक्षियों के लिए पानी की होगी व्यवस्था

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

दिल्ली में बढ़ती गर्मी के बीच सरकार ने हीट वेव प्लान में दो बड़े बदलाव किए हैं। अब स्कूलों में बच्चों को छुट्टी से पहले ओआरएस घोल दिया जाएगा और सार्वजनिक जगहों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था होगी। दिल्ली में तेज होती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए सरकार ने हीट वेव एक्शन प्लान में अहम बदलाव किए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर अब दिल्ली सरकार के करीब 15 लाख और एमसीडी स्कूलों के लगभग 6 लाख बच्चों को छुट्टी से पहले ओआरएस घोल पिलाकर घर भेजा जाएगा, ताकि डिहाइड्रेशन से बचाव हो सके। इसके साथ ही जिला प्रशासन और सिविक एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर पशु-पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें।

**स्कूलों में वाटर बेल सिस्टम लागू :** स्कूलों में 'वॉटर बेल' सिस्टम लागू करने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे बच्चों को समय-समय पर पानी पीने की याद दिलाई जा सके। साथ ही अस्पताल, स्कूल, बस स्टैंड, पुलिस थानों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर साफ पेयजल और ओआरएस उपलब्ध कराया जाएगा।



### आज तेज लू चलने की चेतावनी

मौसम विभाग ने दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में अगले दो दिनों तक तेज लू चलने की चेतावनी दी है। तापमान 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। ऐसे में मजदूरों, बच्चों और बेसहारा पशु-पक्षियों को सबसे ज्यादा खतरा माना जा रहा है। इससे पहले सरकार ने 'हीट वेव एक्शन प्लान 2026' लागू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अस्पतालों में हीट वेव मरीजों के लिए पर्याप्त बेड और एम्बुलेंस में जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

**339 से ज्यादा स्वास्थय केंद्रों को किया अलर्ट :** सरकार ने बताया कि पूरे शहर में 339 से ज्यादा स्वास्थ्य केंद्र ओआरएस और आइस पैक से लैस किए गए हैं और 30 से अधिक अस्पतालों में 'कूल रूम' बनाए गए हैं। 330 एम्बुलेंस को भी तैयार रखा गया है। मैदानी स्तर पर पानी के टैंकर, वॉटर कूलर, शेड और कूलिंग पॉइंट बढ़ाए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस भी ओआरएस बांट रही है।

**मजदूरों को लेकर बढ़ी चिंता**

निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के लिए भी दोपहर के समय काम से बचाव, छाया, पानी और आराम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक हीट वेव से होने वाली मौतों को शून्य तक लाया जाए। इसके लिए सभी विभागों को मिलकर इस योजना को जमीन पर लागू करने को कहा गया है, ताकि लोगों को भीषण गर्मी से सुरक्षित रखा जा सके।



## छोटी-छोटी बातों पर तनाव लेना बंद करना चाहिए: परिणीति चोपड़ा

इंस्टाग्राम के जरिए बालीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सेल्फ-लव, मानसिक शांति और जीवन की सादगी से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर अभिनेत्री ने अपने एक विस्तृत नोट लिखा, जिसमें उन्होंने जीवन को सकारात्मकता और संतोष के साथ जीने की सलाह दी। परिणीति चोपड़ा ने अपने पोस्ट में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष जोर दिया। परिणीति ने लिखा कि हमें छोटी-छोटी बातों पर तनाव लेना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि यह अनावश्यक रूप से हमारी ऊर्जा को खत्म करता है। उन्होंने शरीर को हमारी सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे इसकी आलोचना करने के बजाय इसके प्रति दयालु हों और इसे सम्मान दें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने शरीर को बेहतर पोषण देना चाहिए और इसे सक्रिय रखना चाहिए, क्योंकि भविष्य में हमें इन पलों की कमी महसूस होगी जब हमारा शरीर उतना ऊर्जावान नहीं रहेगा।



## गुलरुख के खास लुक का रहस्य बताया कृतिका ने

अपने किरदार गुलरुख के जरिए अभिनेत्री कृतिका कामरा ने 1960 और 1970 के दशक के मुंबई के फैशन और माहौल को बेहद खूबसूरती से दोबारा जीवंत कर दिया। इस किरदार की तैयारी में कृतिका ने न सिर्फ उस समय की मशहूर फिल्मों और बॉलीवुड सितारों को गहराई से देखा, बल्कि उस दौर की असली जिंदगी, लोगों की स्टाइलिंग और सामाजिक माहौल को भी करीब से समझने की भरपूर कोशिश की। हाल ही में कृतिका कामरा ने अपने इस खास लुक के पीछे की दिलचस्प कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि उनके किरदार गुलरुख के लुक को बनाने की शुरूआत एक बेहद खास तस्वीर से हुई थी, जो निर्देशक नागराज सर ने उन्हें दिखाई थी। यह तस्वीर 70 के दशक की मशहूर अभिनेत्री परवीन बॉबी की थी, जिसने उनके लुक के लिए एक प्रारंभिक दिशा तय की। कृतिका ने कहा, इसके बाद हमारी टीम ने जीनत अमान, शर्मिला टैगोर और रेखा जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों के स्टाइल और पर्सनैलिटी को भी करीब से देखा और उनसे प्रेरणा ली। हमारी कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रियंका दुबे ने मेरे साथ कई बार ट्रायल किए, ताकि हर आउटफिट, हर ड्रेस और हर लुक उस समय की असलियत को सही तरह से पर्दे पर दिखा सके और किरदार में जान डाल सके।

# केएल राहुल का ऐतिहासिक शतक: आईपीएल में सबसे बड़ी भारतीय पारी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** आईपीएल 2026 के 35वें मुकाबले में शनिवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। राहुल ने मात्र 67 गेंदों पर 16 चौकों और 9 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 152 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली, जिससे वह आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करते हुए अभिषेक शर्मा के पिछले साल के 141 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इतना ही नहीं, राहुल अब दिल्ली कैपिटल्स की ओर से भी आईपीएल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने ऋषभ पंत के 2018 में बनाए गए 128 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। राहुल की यह पारी आईपीएल इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी पारी है। उनसे पहले केवल वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (नाबाद 175) और न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैक्कुलम (नाबाद 158) ही 150 से अधिक रनों की पारी खेल पाए हैं, जिससे राहुल इस विशिष्ट सूची में शामिल होने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने अपनी इस शानदार पारी में नीतीश राणा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए मात्र 95 गेंदों में 220 रनों की एक यादगार साझेदारी निभाई। यह साझेदारी आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी भी है, जिसने पंजाब किंग्स के गेंदबाजों को बेबस कर दिया और उन्हें कोई मौका नहीं दिया।




## कार्लोस अल्काराज को बड़ा झटका: चोट के चलते फ्रेंच ओपन से बाहर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को एक बड़ा झटका लगा है। कलाई की चोट के कारण वे अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं, जिससे उनका लगातार तीसरा खिताब जीतने का सपना टूट गया है। यह चोट उन्हें पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन के दौरान दाहिने हाथ की कलाई में लगी थी। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी, जिसके बाद उन्होंने न केवल फ्रेंच ओपन, बल्कि इटालियन ओपन से भी हटने का मुश्किल फैसला लिया है। दोनों ही टूर्नामेंट क्ले कोर्ट पर खेले जाते हैं, जो अल्काराज का पसंदीदा सर्फेस माना जाता है और जहां वे आमतौर पर शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अल्काराज ने इस दुखद खबर की पुष्टि की। उन्होंने लिखा, आज हुए टेस्ट के बाद हमने सावधानी बरतने का फैसला किया है। इसलिए, जब तक हम मेरी स्थिति का पूरी तरह से आकलन नहीं कर लेते, मैं रोम और रोलां गैरोस में हिस्सा नहीं लूंगा। उन्होंने आगे कहा, यह मेरे लिए बेहद मुश्किल समय है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि मैं और अधिक मजबूती के साथ वापसी करूंगा।

# दीपिका पादुकोण को तीन फिल्मों ने बना दिया सबसे सफलतम अभिनेत्री, कमाए करोडों





बॉलीवुड फिल्म धुरंधर की सफलता का अभिनेता रणवीर सिंह जश्न मना रहे हैं, उधर उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बॉक्स ऑफिस पर उनसे कहीं पहले ही अरबों का कारोबार कर अपना स्टारडम स्थापित कर लिया था। रणवीर सिंह के साथ उनकी व्यक्तिगत सफलता एक सुखद संयोग हो सकती है, लेकिन उनका अपना स्टारडम इन विशाल आंकड़ों से स्पष्ट झलकता है, जो उन्हें समकालीन सिनेमा की सबसे बड़ी महिला सितारों में से एक बनाता है। दीपिका ने तीन ऐसी फिल्में दी हैं, जिन्होंने 1000 करोड़ रुपये से अधिक और एक ने तो 2000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की कमाई कर उन्हें भारतीय सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक बना दिया है। सबसे पहले बात करते हैं साल 2023 की ब्लॉकबस्टर पठान की, जिसमें दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के साथ काम किया। इस रोमांचक स्पाई-एक्शन फिल्म में दीपिका ने रूबिना मोहसिन नामक एक रहस्यमयी आईएसआई एजेंट का किरदार निभाया, जो बाद में देशहित के लिए पठान के साथ मिलकर काम करती है।

हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस और शानदार इंटरनेशनल लोकेशन्स से भरपूर इस फिल्म ने दुनियाभर में 1050 करोड़ रुपये का विशाल कलेक्शन किया, जिसमें दीपिका का ग्लैमरस व एक्शन से भरपूर अवतार दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया। यह फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनी। इसी साल 2023 में दीवाली के मौके पर रिलीज हुई जवान में भी दीपिका पादुकोण शाहरुख खान के साथ एक खास भूमिका में नजर आईं। इस फिल्म में उन्होंने ऐश्वर्या राठौर नामक एक साहसी महिला और मां का किरदार निभाया, जिसने फिल्म की कहानी को एक मजबूत भावनात्मक गहराई दी। दीपिका का यह कैमियो भले ही छोटा था, लेकिन बेहद प्रभावशाली रहा और दुनियाभर में 1150 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर जवान ने भी बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचा। एटली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दीपिका के अभिनय को समीक्षकों और दर्शकों दोनों ने खूब सराहा।

इससे पहले, साल 2017 में दीपिका पादुकोण ने हॉलीवुड में एक्सएक्सएक्स: द रिटर्न ऑफ जेंडर केज से अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने सेरेना उंगर का दमदार रोल निभाया था, जिसमें विन डीजल मुख्य भूमिका में थे। दीपिका का किरदार एक मजबूत और रहस्यमयी योद्धा का था, जिसने अपनी वफादारी से अंत तक सस्पेंस बनाए रखा। लगभग 550 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस हॉलीवुड फिल्म ने दुनियाभर में 2800 करोड़ रुपये का अविश्वसनीय कलेक्शन किया। इस फिल्म के जरिए दीपिका ने न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि इसमें उनके दमदार एक्शन सीन्स को भी खूब सराहा गया, जिसने उन्हें पठान और जवान जैसी फिल्मों में एक्शन भूमिकाओं के लिए तैयार किया।

## फटाफट खबरें

### व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर गोलीबारी

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** वाशिंगटन हिल्टन होटल में आयोजित व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। घटना के कुछ समय बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच, एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। काश पटेल ने वहां मौजूद लोगों से इस घटना से संबंधित जानकारी मांगी है। ब्लैंच ने कहा, 'आज रात आपने इस देश का सबसे बुरा और सबसे अच्छा रूप देखा। आपने उस कायर के सबसे घटिया काम को देखा, जिसके बारे में राष्ट्रपति ने अभी बात की। लेकिन आपने सबसे अच्छा भी देखा क्योंकि आपने देखा कि लॉ एनफोर्समेंट ने ठीक वही किया जो उन्हें करना चाहिए।'

### 'शूटर को जल्दी काबू में किया गया'; राष्ट्रपति ट्रंप ने सुरक्षा एजेंसी की कार्रवाई की सराहना की

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के डिनर के पास गोलियां चलने के बाद, एक बंदूकधारी को सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने तुरंत काबू में कर लिया। बंदूकधारी कई हथियारों से लैस होकर एक सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर हमला कर रहा था। उन्होंने इस घटना को बहुत अचानक बताया और सुरक्षा एजेंट्स की कार्रवाई की जमकर सराहना की। वॉशिंगटन हिल्टन से सुरक्षित निकाले जाने के बाद व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने कहा, 'मैं पूरी तरह से हैरान था कि कुछ हुआ। फर्स्ट लेडी और मैंने एक आवाज सुनी और मुझे लगा कि यह एक ट्रे नीचे गिर रही है और यह बहुत तेज आवाज थी और काफी दूर से आ रही थी।' ट्रंप ने कहा कि आरोप को सीक्रेट सर्विस के कुछ बहुत बहादुर सदस्यों ने पकड़ा और बहुत तेजी से काम किया, एक एजेंट को गोली लगी लेकिन वह सुरक्षित था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमलावर ने 50 गज की दूरी से हमला किया लेकिन बॉलरूम तक पहुंचने से पहले ही उसे रोक दिया गया। कमरा बहुत, बहुत सुरक्षित था। ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि आरोपी मुख्य इवेंट की जगह में नहीं घुसा।

### माली में तख्तापलट के बाद हुआ आतंकी हमला, बमाको समेत कई शहरों में धमाके

**बमाको, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** पश्चिम अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमाको भीषण धमाकों और भारी गोलीबारी की आवाजों से दहल उठी। अज्ञात आतंकवादी गुटों ने एक सुनियोजित रणनीति के तहत राजधानी और देश के कई अन्य प्रमुख शहरों में सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमला बोल दिया। माली की सेना ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि वे फिलहाल आतंकियों के खिलाफ एक व्यापक जवाबी सैन्य ऑपरेशन चला रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बमाको के अलावा गाओ, किदाल और सेवारे जैसे रणनीतिक शहरों में भी भारी गोलाबारी हुई है, जिससे पूरे देश में दहशत का माहौल व्याप्त है। सेना द्वारा जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, अज्ञात हमलावरों ने सैन्य बैरकों और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया है।

## कस्टम जांच बढ़ाए जाने के बाद नेपाली जनता परेशान, बढ़े चीजों के दाम



**काठमांडू, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** नेपाल में बालेन शाह सरकार के आदेश के बाद कस्टम जांच बढ़ाए जाने के बाद भारतीय सीमा से लगे एंट्री पॉइंट असामान्य रूप से शांत हो गए हैं। इसके चलते रोजमर्रा की जरूरत का सामान खरीदने के लिए सीमा पार करने वाले नेपाली खरीदारों की संख्या में कमी आई है। बालेन सरकार की इस सख्ती का असर सीमा पर स्थित भारतीय बाजारों के साथ ही नेपाली जनता पर भी पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल ने 100 रुपए से ज्यादा का सामान खरीदे जाने पर सीमा शुल्क वसूली को अनिवार्य कर दिया है। नेपाल में इस शुल्क को भंसार कहा जाता है। नेपाली कस्टम अधिकारी अब सीमा से आने वाले हर सामान की कड़ी जांच कर रहे हैं। भैरहवा और आसपास के इलाके के लोगों का कहना है कि सीमा पर जांच कड़ी किए जाने के बाद से घर की जरूरी चीजों के दाम बढ़ गए हैं। वहीं, नेपाली खरीदारों से गुलजार रहने वाले सोनौली बाजार हाल के दिनों में धीमा पड़ गया है। नेपाली अधिकारियों का कहना है कि जांच का मकसद भारतीय सामानों पर रोक लगाना नहीं, बल्कि उस चलन को कमजोर करना है, जिसमें लोग घरेलू इस्तेमाल का बहाना बनाकर बिना ड्यूटी चुकाए बड़ी मात्रा में सामान लाते हैं।

## ट्रंप की डिनर पार्टी में फायरिंग, यूरोपीय नेताओं ने की निंदा, मैक्रों बोले- राजनीति में हिंसा की जगह नहीं

» **पेरिस, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की डिनर पार्टी में हुई फायरिंग को लेकर यूरोपीय देशों के नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हमले की कड़ी निंदा की और अमेरिकी प्रेसिडेंट के लिए अपना समर्थन जताया।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'कल रात (अमेरिकी समयानुसार) अमेरिका के राष्ट्रपति को निशाना बनाकर किया गया हथियारबंद हमला मंजूर नहीं है। लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। मैं डोनाल्ड ट्रंप को अपना पूरा समर्थन देता हूं।'

यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने घटना को 'बहुत परेशान करने वाला' बताया और एक्स पर लिखा कि पब्लिक लाइफ में राजनीतिक हिंसा की कोई जगह नहीं है और इसे पूरी तरह से खारिज किया जाना चाहिए।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि वह कल रात की घटना से हैरान हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं या प्रेस की आजादी पर किसी भी हमले की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, ''राजनीति में हिंसा की कभी कोई जगह नहीं है और मेहमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और रेस्पॉन्डर्स की तेज कार्रवाई के लिए धन्यवाद।'' यूरोपीय यूनियन की विदेश नीति की प्रमुख काजा कैलास ने कहा कि प्रेस की आजादी के सम्मान देने के लिए होने वाला इवेंट कभी भी डर का माहौल नहीं बनना चाहिए। उन्होंने घायल सीक्रेट सर्विस ऑफिसर के जल्दी ठीक होने की कामना की। स्वीडन के प्राइम मिनिस्टर उल्फ क्रिस्टरसन ने कहा कि उन्हें ये सुनकर राहत मिली है कि ट्रंप और बाकी लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने इस घटना से सदमे में आए सभी लोगों के लिए दुआएं दीं, जिसमें स्वीडिश पत्रकार भी शामिल हैं।

इसके अलावा, पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई हालिया सुरक्षा घटना के बाद यह जानकर राहत मिली कि राष्ट्रपति ट्रंप, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति सुरक्षित हैं। मैं उनकी निरंतर सुरक्षा और कुशलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होती और इसकी सख्त निंदा होनी चाहिए।'

## फोटो स्टोरी



यूक्रेन में रुसी हमले में ध्वस्त हुई एक इमारत के पास से गुजरते हुए लोग।

## रूसी एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को खरीदने में इच्छुक वियतनाम

**हनोई, यूटर्न/ 26 अप्रैल।** वियतनाम के रक्षा मंत्रालय ने 2030 के दशक की शुरूआत में रूसी एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को खरीदने में गहरी रुचि दिखाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक संभावना है कि इन विमानों का उपयोग उसकी अग्रिम पंक्ति में तैनात 12 एसयू-27 और 30 एसयू-22 चौथी पीढ़ी लड़ाकू विमानों को बदलने में किया जाएगा। सबसे पहले 2017 के मध्य में वियतनामी मीडिया में खबरें सामने आई थीं कि मंत्रालय 2030 के आसपास से 12-24 एसयू-57 विमानों को खरीदने की योजना बना रहा है। इसके बाद जनवरी 2019 की शुरूआत में भी इस बारे में खबरें सामने आईं। वियतनाम के पास आज लड़ाकू विमानों का जो बेड़ा है वह पूरी तरह से रूसी विमानों से बना है। इसी तरह उसकी थल सेना, नौसेना और वायु रक्षा नेटवर्क भी आपूर्तिकर्ता के रूप में रूस पर ही अत्यधिक निर्भर हैं। एसयू-57 को वियतनाम के अपने हवाई बेड़े को आधुनिक बनाने के लिए अब तक का सबसे संभावित विकल्प माना जाता है।

## ईरान पर नाकाबंदी अभी भी 'पूरी तरह लागू': अमेरिकी सेना

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



अमेरिका की सेना लगातार ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को लागू कर रही है और ईरानी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई जारी है। यूएस सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

एक पोस्ट में बताया गया कि नाकाबंदी शुरू होने के बाद अब तक 37 जहाजों का रास्ता बदला जा चुका है। 'सेवन' नाम का एक व्यापारिक जहाज, जिसे शनिवार को अरब सागर में अमेरिकी सेना ने रोका था, अब अमेरिकी निर्देशों के अनुसार वापस ईरान की ओर जा रहा है और उसकी निगरानी की जा रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 12 अप्रैल को घोषणा की थी कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने या वहां से निकलने की कोशिश करने वाले जहाजों को रोकना शुरू कर देगी। उनका यह फैसला पाकिस्तान में 11 और 12 अप्रैल को यूएस-ईरान के बीच हुई बातचीत के पहले दौर के बाद आया, जिसमें कोई शांति समझौता नहीं हो पाया था।

ट्रंप के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने चेतावनी दी कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को खतरा पहुंचा, तो इसका असर पूरी दुनिया के व्यापार पर पड़ेगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को ईरान के मुख्य सैन्य कमांड, 'खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' ने अपनी उस बात को दोहराया कि यदि संयुक्त राज्य अमेरिका पश्चिम एशिया क्षेत्र में अपनी 'नाकेबंदी, लूटपाट और समुद्री डकैती' जारी रखता है, तो वे जवाबी कार्रवाई करेंगे। इसी बीच ट्रंप ने शनिवार को यह भी बताया कि इस सप्ताहांत इस्लामाबाद जाने वाले अमेरिकी प्रतिनिधियों की यात्रा रद्द कर दी गई है।

## ईरान की चेतावनी: क्षेत्र में अमेरिकी नाकेबंदी जारी रही, तो देंगे करारा जवाब

» **तेहरान, यूटर्न/ 26 अप्रैल।**



ईरान की मुख्य सैन्य कमान 'खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' ने कहा है कि अगर अमेरिका पश्चिम एशिया क्षेत्र में अपनी 'नाकेबंदी, लूट और समुद्री दखल' जारी रखता है, तो वह इसका जवाब देगा।

ईरानी मीडिया में जारी बयान में कहा गया कि अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नौसैनिक नाकेबंदी कर रखी है। इससे ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। साथ ही, पिछले कुछ दिनों में ईरान जा रहे जहाजों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि उसकी सेना पहले से ज्यादा मजबूत और तैयार है। वह देश की संप्रभुता, हितों और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। बयान में यह भी कहा गया कि हालिया युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना ईरान की ताकत और हमले की क्षमता का कुछ हिस्सा देख चुकी है। ईरानी सेना ने कहा कि वह क्षेत्र में दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। अगर अमेरिका और इजरायल फिर से कोई हमला करते हैं, तो ईरान उन्हें और ज्यादा नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार है।

वहीं, सऊदी अरब से जुड़े समाचार चैनल 'अल अरबिया' ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि ईरान अमेरिका द्वारा तय की गई शर्तों पर बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है।

इसी बीच, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने युद्ध खत्म करने से जुड़े अपने विचार साझा किए।

अराघची शुक्रवार रात एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे थे। वहां उन्होंने अमेरिका और इजरायल के साथ युद्धविराम, युद्ध खत्म करने और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की। यह जानकारी अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'तस्नीम' ने दी। ईरान ने 28 फरवरी से होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण और सख्त कर दिया था। उसने अमेरिका और इजरायल से जुड़े जहाजों के गुजरने पर रोक लगा दी थी। यह कदम इन दोनों देशों द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों के बाद उठाया गया था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *